हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ...



13 धान खरीदी की लिमिट कम होने से कोटगांव ...





## खबर संक्षेप

### साहित्यकार केशव राम साहू को सद्भावना संदेश के लिए सम्मानित किया



**गुण्डरदेही।** कौमी एकता समिति गुण्डरदेही के द्वारा साहित्यकार केशव राम साहू को पर्यावरण, योग एवं साहित्य के माध्यम से सद्भावना का संदेश देने के लिए सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि कौमी एकता समिति के संयोजक मुबारक अली के द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय भावना जागृत रखने, भाईचारा व आपसी सद्भाव को जीवंत रखने हेतु शौर्य पराक्रम के प्रतीक अखाड़ा, मलखम का प्रदर्शन के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाती है, साथ में विभिन्न प्रतिभाओं, शहीद के परिवार, पूर्व सैनिक का सम्मान किया जाता है।

### ग्राम गंगोरीपार में माघ पूर्णिमा पर मेला का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम गंगोरीपार में माघपुर्णिमा के अवसर पर रामजानकी मंदिर के पास मेला का आयोजन किया गया है। बीते 100 सालो से खारून नदी के किनारे स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में माघ पूर्णिमा पर मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें ग्राम सहित आस पास के 100 से अधिक ग्रामो, धमतरी, दुर्ग, कांकेर जिला से भी श्रद्धालु पहुंचते है।

### ग्राम बेलमांड में श्रीकृष्णा मूर्ति स्थापना आज

**लाटाबोड़।** ग्राम बेलमांड में आज भगवान श्रीकृष्णा की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम रखा गया। वही कल शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीण लेमन लेंडिया ने बताया ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ही नाच पार्टी झन भूलो मां बाप ला मोखा (पचपेड़ी ) जिला धमतरी वालो का कार्यक्रम रखा गया है।

### नारागांव में सेनानी स्मृति महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**बालोद।** युथ क्लब नारागांव द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति महोत्सव का आयोजन के तहत एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी को पटेल मैदान नारागांव में किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 15001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 10001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये रखा गया है। वही 30 जनवरी को सद्भावाना मैराथन 9 किलोमीटर दौड़ के तहत प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 4001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये रखा गया है।

# मेधावी छात्रा ग्रेसी साहू ने बढ़ाया कुसुमकसा का मान: राज्यपाल और मुख्यमंत्री के हाथों हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ बोर्ड की हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में उत्कृष्ठ अंको के साथ टॉप 10 में स्थान बनाने पर कुसुमकसा की छात्रा ग्रेसी साहू का 23 जनवरी को राजभवन रायपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रेमन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथो प्रशस्ति पत्र व 1.50 लाख रुपए देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी उपस्थित थे,उक्त पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा के छेत्र में दिए जाने वाला प. दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यह पुरस्कार दिया जाता है। ग्रेसी साहू स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय कुसुमकसा की कक्षा बारहवीं की छात्रा थी , छात्रा कुमारी ग्रेसी साहू ने 95.80% लेकर छत्तीसगढ़ बोर्ड की हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में टॉप 10 में अपना स्थान बनाया था, ग्रेसी साहू बचपन से मेघावी छात्रा रही, कक्षा दसवीं में भी उसके टॉप टेन में स्थान बनाने की अपेक्षा थी 94.83% अंक लाने के बाद चूक गई थी तबसे वह अपना लक्ष्य बनाकर चल रही थी,तुकाराम साहू व यशोदा साहू की सुपुत्री है

### प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया



#### आईएएस बनकर करना चाहती हैं देश सेवा

ग्रेसी साहू हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया की आगे ग्रैजूशन कर सिविल सेवा की तैयारी कर आई ए एस बनकर देश की सेवा करने का लक्ष्य रखने की बात कही, अध्यापन हेतु एक लक्ष्य बनाकर मेहनत करने से निश्चय ही सफलता मिलती है, सभी छात्र-छात्राओं को यह संदेश दिया कि जब पढ़ाई करने के लिए बैठे तो एकाग्र होकर पढ़ाई करें और अधिक से अधिक समय अपनी पढ़ाई को दें तभी ऐसी सफलता निश्चित हो पाती हैं। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल व मुख्यमंत्री के हाथो ग्रेसी साहू के समान होने पर डॉक्टर भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सरपंच वेदबाई पिस्दा, नितिन जैन उपसरपंच ,अनिल सुथार पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति , संजय बेस पूर्व जनपद सदस्य,योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा, मनीष जेठवान,कन्हैया लाल भौसार्य, देवेश सिन्हा,प्रेमचंद जैन पंवारा बाई कोठारी, डॉक्टर नसीम खान, मोतीलाल कुचेरिया, अमाय नागवंशी, तथा समस्त व्याख्यातागण ,शिक्षक शिक्षिकाओं सहित ग्रामीणों ने उज्जवल भविष्य कामना की।

### समाज सेवा, शिक्षा और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान

# अयोध्या में 'स्वदेश सेवा रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित हुई नृत्य कलाकार एन. आकांक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ छत्तीसगढ़ का नाम किया रोशन

अयोध्या में आयोजित पांच दिवसीय कला एवं संस्कृति महाकुंभ के अंतर्गत एक विशेष समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 30 विशिष्ट व्यक्तित्वों को 'स्वदेश सेवा रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। एन. आकांक्षा की प्रारंभिक शिक्षा दल्ली राजहरा स्थित डीएवी इस्पात सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं तक हुई। उन्होंने दल्ली राजहरा की मॉडर्न डांस एकेडमी से नृत्य की शुरुआत की। नृत्य के शुरुआती दौर में विजय बोरकर के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से उन्होंने कथक नृत्य में अपना सफर आरंभ किया। 16 वर्ष की आयु से ही उन्होंने विद्यालय और सेक्टर स्तर पर अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी थी। इसी क्रम में शास्त्रीय कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी भिलाई, छत्तीसगढ़ की नृत्य कलाकार एन. आकांक्षा को भी इस प्रतिष्ठित



सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान समाज सेवा, शिक्षा, कला, संस्कृति, मीडिया और राष्ट्रनिर्माण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित संस्था 'अपना स्कूल' द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.बी. सागर प्रजापति और ओम प्रकाश सिंह ने की। समारोह में पद्मश्री मो. शरीफ चाचा और खाकी वाले गुरु जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति भी रही। मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी अनिरुद्ध सिंह मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में वी.पी. जॉन (प्रवक्ता, गणित) और राजेश गुप्ता (प्रवक्ता, भौतिक विज्ञान) शामिल थे।

सम्मान प्राप्त करने वालों में कुशीनगर की सुप्रसिद्ध सुष्मिता जॉन, वंदे भारत एक्सप्रेस के लोको पायलट, रेडियो जॉकी नेहा तिवारी (उत्तर प्रदेश), पर्यावरण एवं बाल प्रधानमंत्री पुरस्कार विजेता इति दीक्षित (मेरठ) सहित गोरखपुर, लखनऊ, बस्ती, अमरोहा जैसे विभिन्न जिलों से 30 प्रतिभाशाली व्यक्तित्व शामिल रहे।कठोर परिश्रम और निरंतर साधना के बल पर एन. आकांक्षा ने आज देशभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने गुरु तरुण शर्मा, माता रवना, एन पूर्वा, अखिलेश कुमार तथा अपने मामा मोहन राव के प्रति आभार व्यक्त किया। भिलाई स्टील संयंत्र द्वारा भी उन्हें विभिन्न अवसरों पर सम्मानित किया जा चुका है। अब तक करीब 100 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेते हुए एन. आकांक्षा ने 36 राष्ट्रीय पुरस्कार और 5 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किए हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस भवनों का किया वर्चुअल लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पुलिस बल को सशक्त करने पर जोर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से थाना सनौद का नया थाना भवन एवं 21वीं वाहिनी करकाभांट बालोद समेत 19वीं वाहिनी जगदलपुर, 20वीं महासमुंद परसदा एवं 22वीं वाहिनी कांकेर भिरागांव का में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं विभिन्न आवासीय भवनों का विधिवत लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पुलिस एवं सुरक्षा बलों के लिए आधुनिक प्रशासनिक ढांचे और आवासीय सुविधाओं का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे न केवल कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

लोकार्पण के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पुलिस बल को सुदृढ़ करने हेतु आधारभूत संरचनाओं का विकास निरंतर किया जा रहा है। प्रशासनिक एवं आवासीय भवनों का निर्माण पुलिसकर्मियों के कार्य–परिस्थितियों को बेहतर बनाने के साथ उनकी कार्यक्षमता और मनोबल को भी बढ़ाएगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 हेतु बालोद पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कैलेंडर वितरण किया गया।

वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान वीसी में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, एवं 21वीं वाहिनी करकाभांट, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, लघु एवं वनोपज संघ ▶▶| शेष पेज 12 पर

# अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई, बालोद में भूखंड के विक्रय पंजीयन पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ मुरूम पाटने व दीवार निर्माण को माना गया नियम विरुद्ध



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद नूतन कंवर ने बालोद शहर के अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 212/1, 213/2, 214/2 में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर इसके जांच के उपरांत उक्त भूखंड की आंशिक एवं पूर्ण विक्रय पंजीयन पर रोक लगाने की कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि उक्त जमीन के अवैध प्लाटिंग के संबंध में शिकायत मिलने पर एसडीएम नूतन कंवर द्वारा तहसीलदार आशुतोष शर्मा को इस पूरे मामले की जानकारी ली गई थी। तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराने पर प्रारंभिक स्तर पर शिकायत सही पाई गई। लेकिन उक्त भूखंड में कोई विक्रय नही होना पाया गया। एसडीएम नूतन कंवर ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कृषि भूमि पर बिना सक्षम अनुमति के गैर कृषि प्रायोजन हेतु मुरूम से पाटे जाने एवं दीवार का निर्माण किए जाने पर उक्त भूखंड की आंशिक अथवा पूर्ण विक्रय पंजीयन पर रोक लगाते हुए इस संबंध में उप पंजीयक बालोद को पत्र भी प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही एसडीएम नूतन कंवर ने कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी बालोद को उक्त जमीन में बिना मकान निर्माण, विद्युत खंभा गाड़े जाने के संबंध में भी जानकारी प्रदान करने के लिए पत्र भी प्रेषित किया गया। एसडीएम नूतन कंवर ने कहा कि अवैध प्लाटिंग की शिकायत करने पर संबंधित भूस्वामी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में यदि किसी शासकीय अधिकारी–कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसे भी बख्शा नही जाएगा।

### भूमिपूजन के बाद भड़का विवाद दो समाज में बढ़ी तनातनी

# मोंहदीपाठ में सामुदायिक भवन को लेकर दो पक्षों में तनाव, हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोंहदीपाठ में दो पक्षों में शासकीय भूमि पर अधिग्रहण कर सामुदायिक भवन बनाने को लेकर तनाव बढ़ते जा रहा है। गौर हो कि पक्ष एक समाज व दुसरे समाज बाहुल्य होने के कारण दोनों पक्षों व गांव में तनातनी बढ़ रही है। जिसकी शिकायत ग्राम सरपंच दीपा ठाकुर व पंचायत प्रतिनिधियों ने अर्जुन्दा पुलिस व राजस्व अधिकारी को आवेदन देकर गांव में बढ़ रहे जनआक्रोश व मतभेद को सुलझाने पत्र सौपा।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनो गांव में एक समाज द्वारा मोंहदीपाठ में परमेश्वरी जंयती धूमधाम से मनाकर सामुदायिक भवन का शासकीय भूमि पर बिना जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में भूमि पुजन किया गया। उसके बाद से गांव का माहौल गर्म हो गया है, ग्राम विकास समिति मोंहदीपाठ अध्यक्ष पोशण देवागन सहित सभी ग्रामवासी बड़ी संख्या में बैठक में रहे, फिर आपस में वाद विवाद माहौल को देखते हुए 27 जनवरी को ग्राम सभा मोहदीपाठ मंदिर में टेंट लगाकर किया गया, लेकिन सामुदायिक भवन निर्माण की मांग स्थानीय समाज ने किया, तो वही ग्रामवासी द्वारा घंटो देर तक विरोध व विवाद बढ़ते देख ग्राम सभा को स्थगित कर दिया।

वही इस मामले की जानकारी लगते ही अर्जुन्दा पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही हैं

समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी लखनलाल व पूर्व सरपंच सुशीला ने कहा कि सन 2020 में शासकीय भुमि में 12 डिस्मिल भुमि है, जिसमें सामुदायिक भवन बना है, वही अभी वर्तमान में जगह बची है, जिसे एक समाज ने सामाजिक जनसहयोग से भवन निर्माण करने भूमि पूजन किये है, लेकिन गांव में कुछ लोग विरोध कर रहे है, लेकिन समाज एकजुट होकर भवन वही बनायेगें, क्योकि समाजिक कार्य करने में दिक्कत होती है।

ग्राम विकास समिति मोहदीपाठ अध्यक्ष पोशण ने आरोप लगाते हुए कहा कि उस जमीन पर पहले से सामुदायिक भवन बन चुका है, फिर स्थानीय स्तर पर समाज के कुछ पदाधिकारी अपनी राजनीतिक कद बढ़ाने समाज के लोग को भ्रमित कर गांव का माहौल खराब कर दूसरे समाज पर भड़ास निकाल रहे है, आरोप है कि बुनकर संघ से समाज के बुनकरो को निकाल दिया है, सामाजिक स्तर पर मुझे और इस गांव के उपसरपंच टिकेन्द्र व सेल्समेन मानसिंह को समाज मोंहदीपाठ से बहिस्कृत कर समाजिक बहिस्कार सामाजिक आयोजन प्रतिबंध किया गया है, जिससे गांव में शांति व माहौल बिगड़ रहा है। वही समाज अध्यक्ष सेतलाल ने कहा कि समाजिक स्तर पर निर्णय लेकर सर्वसम्मति से बहिस्कृत किया गया।

ग्राम सरंपच मोंहदीपाठ दीपा ठाकुर ने कहा कि समाज के कुछ पदाधिकारीयो ने आरोप लगाते हुए कहा कि परमेश्वरी जयंती महोत्सव में गुपचुप तरीके से शासकीय भुमि पर जबरदस्ती भूमिपूजन कर विवाद को तूल दे रहे है, जबकि पूर्व में एक समाज को सामुदायिक भवन मिल चुका है, गांव का माहौल बिगड़ रहा है, वही बुनकर समिति से कई अन्य समाज के बुनकरो को काम से निकाल दिया गया, तो दूसरे समाज में कुछ लोगो को समाजिक दबाव देकर समाज से बहिस्कृत कर दिया, इसकी शिकायत थाना व अधिकारियो को दे दिया, गांव में अधिकारियों व ग्रामीणजनो व समाज के साथ बैठकर मामले को सुलझायेगें।

### सफाई और पानी टंकी कार्यों में अनियमितता का दावा

# कंवर पंचायत में भारी अनियमितताएं, पंचों ने जनदर्शन में सौंपा शिकायत पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम पंचायत कंवर के सरपंच एवं उपसरपंच सहित एक पंच के खिलाफ पंचायत के अन्य पंचो ने मोर्चा खोल दिया है। पंचायत के आधा दर्जन से अधिक पंचो ने जनदर्शन पहुंचकर शिकायत पत्र सौपा है एवं जांच की मांग की है। कंवर पंचायत के पंच महेन्द्र कुमार, प्रेमलता साहू, रेणुका सिन्हा, गोदावरी साहू व अन्य पंचो ने सरपंच, उपसरपंच व एक पंच पर मनमानी कर कार्यो मे अनियमितता करने की नामजद लिखित शिकायत जनदर्शन में की है।

उक्त पंचो ने बताया कि सरपंच द्वारा अपने पुत्र के नाम पर बिल चढ़ाकर राशि आहरित की गई है, वही उपसरपंच ने तो अपने ही फर्म के नाम पर बिल बनाकर राशि अपने खाते मे डाला है। पंच भी पीछे नही है उसने भी अपने ही नाम से बिल चढ़ाकर राशि अपने खाते मे डलवाया है। पंचो ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत मे कचरो का अंबार लगा हुआ है, लेकिन सफाई के नाम से हजारो रूपये आहरित कर लिया गया है। पंचो ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा अपने चहेतो को ही कार्य दिया जाता है, ग्राम में अन्य जरूरतमंदो को रोजगार नही मिल रहा है। उक्त पंचो का आरोप है कि पंचायत मे सरपंच सचिव द्वारा कोई जानकारी नही दी जाती। यहां तक कि कार्यो के संदर्भ में जानकारी नही दी जाती। सरकार द्वारा जारी एप के माध्यम से जानकारी निकालने पर पता चला कि हजारो रूपये पानी टंकी के नाम पर निकाला गया, लेकिन एक ही स्थान पर टंकी लगी, शेश तीन जगह टंकी नही लगी।

उन्होने आरोप लगाया कि बाजार नीलामी की हजारो रूपये का कोई हिसाब किताब पंचायत द्वारा नही दिया जा रहा है। पंचो ने बताया कि रोजगार गारंटी के तहत जब कार्ड मे सदस्यो के नाम पृथक करने पर नवीन जॉब कार्ड बनाने के नाम पर प्रत्येक कार्ड के लिए 100 रूपये लिया गया। बकाया उसकी रसीद भी दी गई है। ऐसे 100 से अधिक नवीन जॉब कार्ड के लिए आवेदको से राशि लिए गए है। पंचो ने आरोप लगाया कि राशि लेने के बाद भी महीनो से नवीन जॉब कार्ड नही बन पाया है। पंचो ने मामले में निष्पक्ष जांच करने व दावियो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# ग्राम अकतई में जनवरी का वितरण अधूरा सेल्समैन के जावब से हितग्राहियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ एसडीएम ने फूड इंस्पेक्टर से जानकारी लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया



धरती आभा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा चयनित ग्राम अकतई राशन वितरण केंद्र में पात्र हितग्राहियों को जनवरी 2026 का पूरा चावल नहीं मिला रहा। सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने बताया कि कुछ लोगों को चांवल मिला जबकि अनेकों गरीब ग्रामीण आज भी दर दर भटक रहे है।

सरपंच के साथ जब ग्रामीण वितरण केंद्र पहुंचे तो सेल्स मैन ने बताया जितना चांवल आया था वितरण हो गया और चावल आने पर ही वितरण हो सकेगा। चांवल वितरण के लिए मात्र 3 दिन ही इस जनवरी माह में शेष बचा है लोगो में भारी हड़कंप मचा हुआ है। सेल्स मैन ने कहा कि चांवल का यहां तक नहीं आ पाना मेरी जवाबदारी नहीं है। जवाबदार लोगो को ध्यान देना चाहिए। सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद ने बताया कि ग्राम पंचायत के तीनों ग्राम अकतई चारभाठा रिवागहन के लिए 137 क्विंटल चांवल की आवश्यकता होती है। अभी लगभग 70 क्विंटल चांवल की वितरण होना शेष है। उक्त समस्या की जानकारी एसडीएम लव केश धुरव फूड स्पेक्टर रामनारायण ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

## गुंडरदेही में आज मनरेगा बचाओ के तहत धरना-प्रदर्शन व चक्काजाम

**बालोद/सिकोसा।** शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुंडरदेही द्वारा बस स्टैंड सिकोसा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत धरना–प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही किसानों की समस्याओं को देखते हुए धान खरीदी की निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर सांकेतिक चक्काजाम कर मुख्यमंत्री के नाम सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन में गुंडरदेही के विधायक कुंवरसिंह निषाद एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**डौंडीलोहारा।** भारतीय गणतंत्र के 77 वें वर्ष गांठ पूरे देश के साथ ही ग्राम बड़गांव के शासकीय संलग्न पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में भी बड़े धूम-धाम से मनाया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के सभी स्टाफ, बच्चे व ग्रामवासी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम बैंड बाजे के साथ प्रभातफेरी किया गया जहां विभिन्न जगहों जिसमें शासकीय औषधालय, आयुष्मान भारत, मंदिर, छात्रावास, प्राथमिक शाला, सोसायटी, ग्राम पंचायत भवन, बाजार चौक में ध्वजारोहण किया गया। अंतिम मुख्य कार्यक्रम स्थल माध्यमिक विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि डोमेन्द्र सिंह राजपूत (जनपद सदस्य डौंडीलोहारा)ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट की सलामी लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सुरेश ठाकुर (सरपंच) ग्राम पंचायत बड़गांव,मीलूराम साहू, अशोक पटेल, विक्रम साहू,परमानंद साहू,बेदलाल पटेल,सनत कुमार दुबे,मनहरण राजपूत, श्रीमती उत्तरा बाई टंडन,तिलोचन पटेल,अनिल साहू रतन भोसले, जयपाल राजपूत,भागवत साहू पूर्णिमा साहू थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल, युगल व सामूहिक नृत्य, प्रहसन ने सबके मन को मोह लिया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से भारत के संस्कृति को जानने एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों के साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती पुनेश सोनबरसा, कमलकांत साहू, माध्यमिक विद्यालय से प्रधान पाठक भूधर दास जोशी, शिक्षक संतोष कुमार देवांगन, शैलजा मार्टिन, हेमलता केशरा, भुवन सिंह कोसिमा, पीलू राम साहू व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य जितेन्द्र कुमार उईके, व्याख्याता हिरमन चौरके व पूरे स्टाफ,सफल संचालन व्याख्याता लोचन सार्वा व आभार प्रदर्शन कादम्बनी यादव ने किया।

**पेज 11 के शेष**

### मुख्यमंत्री विष्णु देव ...

उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पालिका अध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी नगर, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, कमांडेंट ज्योति सिंह, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### ग्राम अकतई में ...

नायब तहसीलदार जामगांव आर को जानकारी दी जा चुकी है जनहित में कार्यवाही का इंतजार जारी है। एसडीएम लव केश ध्रुव ने कहा कि फूड स्पेक्टर से जानकारी लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

**निधन**

### रवि श्रीवास्तव



**बालोद।** कुंदरुपारा निवासी रवि श्रीवास्तव 48 वर्ष का बुधवार की रात को रायपुर के निजी अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार तादुला घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश श्रीवास्तव भाई और अनमोल श्रीवास्तव के पिता थे।

### जनसंवाद स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में मितानिनों के कार्यों की सराहना

# ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण में मितानिनों का योगदान सराहनीय : भारती कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों द्वारा बुधवार को बाजार चौक में एक दिवसीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा, अनुभव साझा करना तथा जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना रहा। सम्मेलन में स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यवहार न्यायाधीश बालोद भारती कुलदीप ने मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रियाओं तथा महिला हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण समाज में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के क्षेत्र में मितानिनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो समाज को जागरूक और सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। सम्मेलन की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा रहीं। उन्होंने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता समितियों से जुड़ी महिलाओं एवं मितानिनों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण कार्यक्रम उनके निरंतर प्रयास, समर्पण और सेवा भावना के कारण ही सफल हो पा रहे हैं। उन्होंने मितानिनों को प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता अभियानों और जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा मितानिनों एवं स्वच्छता समितियों से जुड़ी समस्याओं व आवेदनों को मौके पर ही सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया गया। इससे उपस्थित मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं में उत्साह, विश्वास और नई ऊर्जा का संचार हुआ।जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में मितानिनों की भागीदारी न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि यह ग्रामीण समाज के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। सम्मेलन में दो एएनएम एवं दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य मिशन समन्वयक हेमंत पांडे, ब्लॉक समन्वयक चंद्रप्रभा सुधाकर, शोभा शर्मा, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक नैन साहू, अनीता रामटेके, प्रशिक्षक केशव शर्मा, दीपमाला श्रीवास्तव, प्रीतम साहू, रोहित चुरेंद्र, परवीन बेगम, जनपद सदस्य चित्रलेखा साहू, दुर्गा ठाकुर, अनोपी भंवरी, भूपेश नायक पुष्पा साहू, सुमन सोनबोईर, दिनेश्वरी साहू, ललित देवांगन, नंदिनी साहू सहित 500 से अधिक मितानिनों की उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम को अत्यंत सकारात्मक, प्रेरणादायक एवं जनहितकारी बताया।

## रजत महोत्सव समारोह में पेंशन और लंबित वेतन प्रकरणों का निराकरण किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय कोष, लेखा एवं पेंशन संभाग दुर्ग द्वारा 28 जनवरी को जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय बालोद में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस दौरान बालोद जिले में कार्यरत अधिकारी–कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका एवं लंबित वेतन निर्धारण जांच का अनुमोदन तथा सेवानिवृत्त, मृत्यु पश्चात लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके अलावा इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पेंशन एवं लंबित वेतन निर्धारण का निराकरण कराया गया।

शिविर में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय के उप संचालक देवेन्द्र चौबे, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी खम्हन गोआर्य, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद सिंह भारद्वाज, सहायक कोषालय अधिकारी रोशन कुमार मांझी, सोमेश सोरी एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों और स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों, स्कूलों आंगनबाड़ियों में स्वछता के प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों, छोटे बच्चों, आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता शपथ, रैली, हाथ धुलाई, मानव श्रृंखला, घर–घर कचरा कलेक्शन, सार्वजनिक स्थल, सड़क किनारे की साफ सफाई के माध्यम से विभिन्न गतिविधियो के माध्यम से स्वच्छता के संबंध में प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मंडले के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत ठेमाबुजुर्ग के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में सूखा कचरा, गीला कचरा के बारे मे छात्र, छात्रओं को गतिविधि के माध्यम से स्वच्छता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्कूली छात्र–छात्रओं द्वारा स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक चिन्ह का मानव श्रृंखला के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का प्रचार–प्रसार किया गया। इस अवसर पर खंड समन्वयक डीएस यादव, स्कूली शिक्षक–शिक्षिका एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## गुरुर में ब्लॉक स्तरीय धरना–प्रदर्शन आज

**गुरूर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे से ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर द्वारा महात्मा गाँधी के पुण्यतिथि के अवसर पर श्रधांजलि अर्पित करते हुए मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक स्तरीय शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन पुरुर में किया जाएगा। साथ ही किसानों की समस्याओं को देखते हुए धान खरीदी की निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर सांकेतिक चक्काजाम कर मुख्यमंत्री के नाम सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में गुरुर ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक में निवासरत जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयू, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस एवं समस्त विभाग, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, समस्त मंडल, सेक्टर एवं बूथ के अध्यक्षगण, सहकारिता, नगरीय निकाय के पार्षद, त्रिस्तरीय पंचायतीराज के निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

# गुंडरदेही में उतरी युवा शक्ति मतदाताओं को किया जागरूक

### छात्र-छात्राओं ने संभाली जागरूकता की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए लोकतंत्र की मजबूती और शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को गुण्डरदेही में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत और अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली में स्कूल और कॉलेज के छात्र–छात्रओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और नगर को जागरूक करने का बीड़ा उठाया।

रैली मे अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा, जनपद सीईओ निखत सुल्ताना, अध्यक्ष नगर पंचायत प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, बीएमओ डॉ. लीना साहू सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा जनपद पंचायत के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी इस अभियान का हिस्सा बने।

हाथों में तख्तियां और बैनर लिए छात्र–छात्रओं ने नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। रैली के दौरान ष्वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है और ष्सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे नारों से पूरा गुण्डरदेही गुंजायमान रहा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

प्रमोद जैन ने इस अवसर पर कहा कि युवा देश के भविष्य के साथ–साथ वर्तमान के सजग प्रहरी भी हैं। कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों के माध्यम से यह संदेश घर–घर तक पहुंचगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा।

## ग्राम मोखा में देवी भागवत महापुराण का भक्तिमय आयोजन





**गुरूर।** ग्राम मोखा गुरुर में देवी भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। देवी भागवत महापुराण के आठवे दिन के शुभ अवसर पर 26 जनवरी सोमवार को देवी भागवत महिमा, कलयुग वर्णन, तुलसी वर्षा कि कथा बताया गया। जिसमें ग्रामीण और ग्राम विकास समिति मोखा पदाधिकारियो के द्वारा परायण कर्ता महराज राजा पाण्डेय को साल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव कांशीराम कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदयराम ठाकुर, सहकोषाध्यक्ष फागु राम नेवेन्द्र, सरपंच अश्वनी युगलकिशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, ग्रमीण बैगा कोमल देव, महेश यादव, खम्हन निषाद, तोरण पुरी गोस्वामी, आयोजन समिति कि माताए शकुन गोस्वामी, जानकी मंडावी, अनुसूईया सिन्हा, कांति गजेंद्र, भुनेश्वरी गोस्वामी, रीना सिन्हा, कलेश्वरी ठाकुर, वंदना गजेंद्र, मीना नेवेंद्र, रेखा गजेंद्र, पदमनी साहू एवं समस्त सदस्य, ग्रामीण उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रें के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों के द्वारा अपने–अपने कार्यालयों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई।

इस दौरान जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रें के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र संजारी बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को भारत निर्वाचक आयोग के निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न किया जा रहा है।

इस दौरान विधानसभा क्षेत्र संजारी बालोद के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नूतन कंवर, विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा, विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिवनाथ बघेल सहित तीनों विधानसभा क्षेत्रें के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदारों के अलावा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## सीएसपीडीसीएल क्षेत्र में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र सीएसपीडीसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025–26 के गौरवशाली अवसर पर एक विशेष ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।

- **ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं**

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागी अक्षय ऊर्जा स्त्रेत, ऊर्जा संरक्षण, विद्युत सुरक्षा से किसी भी एक विषय पर अपनी कलाकृति बना सकते हैं। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए खुली है, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों कागज, रंग, ब्रश आदि का प्रबंध स्वयं करना होगा। दुर्ग जिले के प्रतिभागी तैयार पेंटिंग को सीएसपीडीसीएल दुर्ग के रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी दीपक कुमार डूम्भरे के पास जमा करा सकते हैं। बेमेतरा जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता पूनम महिलांगे एवं बालोद जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता पीआर.ठाकुर के पास पेंटिंग जमा कर सकेंगे। पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के समापन के बाद विशेषज्ञ समिति द्वारा उत्कृष्ट पेंटिंग्स का चयन किया जाएगा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिनकी सूचना विजयी प्रतिभागियों को फोन पर दी जाएगी। बिजली की बचत और सुरक्षा के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए विभाग ने इस रचनात्मक पहल में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को शामिल होने की अपील की है।

### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी कार्यक्रम में हुए शामिल

# पुलिस कर्मियों के आवासों का सीएम ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से दुर्ग जिले में छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के माध्यम से निर्मित विभिन्न पुलिस भवनों एवं आवासों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नई पुलिस लाइन दुर्ग में 36 अराजपत्रित अधिकारियों एवं 48 प्रधान आरक्षक, आरक्षकों के नवनिर्मित आवास गृह दुर्ग में नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल, पद्मनाभपुर एवं पुलगांव के नवनिर्मित भवन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय धमधा का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बोरसी स्थित पुलिस सहायता केन्द्र के प्रवेश द्वार में फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल एवं उनके परिवारों की सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने पुलिस परिवारों की मांग पर सर्व-सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण, हाईमास्ट लाइट की स्थापना तथा पुलिस आवासों के मरम्मत कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया।

### नए आवासों से पुलिस के जवानों की बढ़ेगी कार्यक्षमता

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि जब आम नागरिक रात्रि में विश्राम करते हैं, तब पुलिस बल समाज की सुरक्षा के लिए निरंतर ड्यूटी पर तैनात रहता है। नवनिर्मित आवासों एवं भवनों से पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता के साथ-साथ उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार होगा। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एसडीओ नवीन वर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वच्छ पंचायत सम्मेलन के दौरान विधिक जागरूकता शिविर आयोजित





**बालोद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा डौंडी लोहारा में आयोजित स्वच्छ पंचायत सम्मेलन में विधिक जागरूकता शिविर का कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में आए मितानीन को सचिव ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा संचालित योजनाएं जागृति योजना 2025, डॉन योजना 2025, आशा योजना 2025, संवाद योजना 2025, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005, एफआइआर दर्ज कराने की प्रक्रिया, मानसिक रोगी के उपचार हेतु, सखी वन स्टॉप सेंटर, निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा एवं नालसा का टोलफ्री नंबर 15100 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### जिले के स्कूलों में स्वच्छता जागरूकता अभियान जारी

**बालोद।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के स्कूलों में स्वच्छता के प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान स्कूलों के छात्र–छात्रओं को स्वच्छता की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय एवं घर की साफ–सफाई, शौचालय के सही उपयोग कचरे के पृथक्करण, खुले में शौच न करने जैसे विषयों पर जानकारी दी जा रही है। सभी विद्याथियों को स्वच्छता बनाए रखने, गंदगी न फैलाने एवं दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। इस दौरान स्कूली बच्चें भी उत्साहपूर्वक शपथ लेते हुए अपने विद्यालय और गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले के 36 स्कूलों के लगभग 3500 छात्र–छात्रओं को स्वच्छता हेतु प्रति प्रेरित किया गया है। समन्वयकों द्वारा बताया गया कि बचपन से स्वच्छता की आदतें विकसित करने से ही स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है बच्चे समाज की नींव है वे अपने परिवार एवं समाज को भी प्रेरित करते हैं।

### गुरु दीक्षा नाम दान लेने के बाद जीव शिव से जुड़ जाता है : राजेश तिवारी



**डौंडीलोहारा।** ग्राम गैजी की पावन धरा पर गुरु शिष्य परम्परा का अदभुत मिशाल देखने को मिला श्री राधा वल्लभ धाम साजा बेमेतरा से पधारे भगवताचार्य पंडित राजेश तिवारी द्वारा गैजी के 70 शिष्यों को अपने हाथों से भोजन प्रसादी परोसकर एक अदभुत प्यार व अपने पन का भाव जागृत किया. तिवारी जी अपने व्याख्यान मे कहा जीवन मे माता, संत महात्मा और परमात्मा से बढ़कर और कुछ भी नहीं है. जीवन मे तीनों का प्रेम व आशीर्वाद जरूरी है। बचपन मे माँ का जवानी मे संत महात्मा का और बुढ़ापे में परमात्मा का इसलिए इन तीनों को सदा स्मरण में रखना चाहिए और अपने जीवन को संवांरना चाहिए, जितने शिष्य नाम दान लिए है उनसे कहा कि गुरु शिष्य परम्परा के अनुसार जिस दिन से गुरु द्वारा नाम दान ले लिए उस दिन से जीव शिव से जुड़ जाते है और सादगी पूर्ण यम नियम का पालन करते हुए प्रभु मे ध्यान लगाकर अपने दैनिक कार्य को करते हुए परमात्मा के सानिध्य को पाया जा सकता है। गुरु ही वह सीढ़ी है जो परमात्मा से मिला सकता है।

### धारदार हथियार लेकर धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** लोगों को धारदार हथियार लेकर डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चन्द्रा मौर्या अण्डर ब्रिज के पास युवक अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर आने जाने वालों को धमकाकर डराने की सूचना पुलिस को मिली।

---

**मांग**

**धान खरीदी लिमिट कम होने से कोटगांव के किसानों में आक्रोश**

# धान खरीदी की लिमिट कम होने से कोटगांव के किसान परेशान, धरना की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

लिमिट कम होने के चलते धान नहीं बेच पाने से किसान परेशान हैं। ग्राम कोटगांव निवासी किसान दुर्गा राम देशमुख इसी तरह एक टोकन में 314.80 क्विंटल धान बेच पाया, गुरुवार को उन्हें 500 क्विंटल का टोकन मिला, जबकि उन्हें कुल 1460.80 क्विंटल धान बेचना है। अभी उसके खाते में 646.80 क्विंटल धान बेचना शेष है, लेकिन समिति में लिमिट नहीं होने के कारण किसान का टोकन काटने में सेवा सहकारी समिति ने असमर्थता जाहिर कर दी है।

■ धान बेचने के लिए भटक रहे पंजीकृत किसान, समाधान की

हालत यह है कि गुरुवार को उनके खाते में सिर्फ 100 क्विंटल टोकन का ही जगह शेष बताया जा रहा है, इससे किसान काफी परेशान है। कोटगांव खरीद केंद्र में कुल 39 किसान इसी तरह की समस्या से जूझ रहे हैं। 29 जनवरी तक खरीदी नहीं हुई तो किसान अपना शेष धान खरीद केंद्र में ही रखकर धरना देंगे। गुरुवार को ही किसान अपना धान खरीद केंद्र में लाना शुरू कर दिए थे। दुर्गाराम देशमुख ने बताया कि उन्होंने सिर्फ एक टोकन में धान बेचा है, बाकी टोकन नहीं काटा जा रहा है, उनके पास रखे धान का सत्यापन भी किया जा चुका है, इसके बाद भी उन्हें कोई टोकन जारी नहीं हो रहा है। सेवा सहकारी समिति कोटगांव में प्रति दिवस खरीदी मात्र पहले 1212, फिर 900, फिर गुरुवार से 1500 क्विंटल है। किसानों की संख्या देखते हुए लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो पंजीकृत किसानों से नियत तिथि में धान खरीदी कर पाना संभव नहीं है।



कोटगांव खरीद केंद्र के किसानों ने बताया कि सत्यापन होने के बाद भी उनका धान नहीं बिक पा रहा है। ऐसे में हम 29 जनवरी को पूरा धान खरीद केंद्र में लाकर रख देंगे और यही धरना प्रदर्शन करेंगे, जब तक धान खरीदी नहीं हो जाएगी हम धरना प्रदर्शन बंद नहीं करेंगे। किसानों ने बताया कि इसकी जानकारी हम उच्च अधिकारियों को दे दिए हैं। किसानो की समस्या जानने के बाद मामला सुलझाने कोटगांव खरीद केंद्र में गुरुवार को सहायक जिला खाद्य अधिकारी श्रद्धा दिल्लीवार, तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर, एसडीएम प्रतिभा ठाकरे झा पहुंचे, उन्होंने किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। पत्रकारों से चर्चा में एसडीएम ने बताया कि समस्या की पूरी जानकारी उच्च अधिकारियों तक भेजी गई है। समस्या हल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### किसान टोकन न मिलने से परेशान, धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

**गुरूर।** धान खरीदी के अंतिम दिनो में किसान टोकन के लिए भटक रहे है। टोकन के लिए वे समिति से लेकर जिला के आलाधिकारियो से गुहार लगा रहे है। विकासखण्ड की लगभग सभी समितियो मे किसानो को धान विक्रय करने के लिए भटकते देखा जा रहा है, इधर किसान व जनप्रतिनिधि खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे है। कंवर निवासी देवेन्द्र टण्डन एवं परसुली निवासी दारासिंह ने बताया कि उन्हे मात्र एक बार टोकन जारी हुआ है, दूसरा टोकन मिल ही नही रहा है, जबकि वे 5 हेक्टेयर के जोतनदार है। उनका 100–100 क्विंटल से अधिक का धान विक्रय के लिए शेश है, उनके पास धान पड़ा हुआ है, जिला जनदर्शन मे जाकर टोकन जारी करने की गुहार भी लगाई है। इधर धान खरीदी मे टोकन नही कटने, सत्यापन नही होने से किसान आशंकित है, किसानो के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव तुकाराम साहू ने सरकार से मांग की है कि खरीदी तिथि बढ़ाई जाए। तुकाराम साहू ने कहा कम टोकन जारी करने व लिमिट कम होने से किसान अपना धान नही बेच पाए है, बड़े किसान एक ही बार धान बेच पाए है, उनके पास अभी भी धान पड़ा हुआ है, यदि समय पर किसानो को टोकन जारी नही होता तो किसानो को कड़ी मेहनत बेकार चली जाएगी। किसान कर्ज मे डूब जाएंगे। किसानो का पहले टोकन मे समिति का कर्ज ही जमा हुआ है, उन पर बाजार का कर्ज भी रहता है। यदि उनका धान नही बिका तो किसान कर्ज तले दब जाएगा। तुकाराम साहू ने कहा शासन प्रशासन धरातल मे आकर किसानो की समस्या को देखे। तुकाराम ने कहा धान खरीदी एक सप्ताह बढ़ाया जाएगा एवं धान विक्रय करने से शेश रह गए सभी किसानो का पूरा धान खरीदें।

## साल्हे बाजार में पांच दिनी निःशुल्क योग शिविर, ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संचालनालय आयुक्त आयुष, छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से शासकीय आयुर्वेद औषधालय राघो नवागांव द्वारा ग्राम साल्हे बाजार में दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी तक पाँच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं ग्रामीण बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

योग शिविर का आयोजन आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. परतेती के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में प्रशिक्षक कुसुमलता साहू द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने के लाभों की जानकारी भी दी जा रही है। शिविर के दौरान ग्रामीणों को नियमित योग अभ्यास, दिनचर्या एवं आयुर्वेदिक जीवन शैली के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। शिविर में नागरिक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रमुख रूप से ब्रह्मगीर गोस्वामी, गिरधारी लाल देवांगन, काशीगीर गोस्वामी, बलिराम रावटे, तिलक देवांगन, घनेश्वर सिन्हा, नेमसिंह सिन्हा एवं कांती बाई साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के योग शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना तथा लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से जोड़ना है। उक्त जानकारी भीकेश कुमार सहारे के सौजन्य से प्राप्त हुई।

## राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में शामिल सरपंच बसंती ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**अंडा।** 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के बाद दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झोला की सरपंच बसंती निषाद छत्तीसगढ़ लौटने पर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने अनुभव साझा किए और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी दी।

सरपंच बसंती निषाद का चयन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में किया गया था। उनके चयन को दुर्ग जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में गर्व का विषय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सरपंच ने ग्राम पंचायत झोला में शिक्षा, स्वच्छता, कुपोषण मुक्त अभियान, बाल विवाह रोकथाम, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह उपलब्धि निषाद (केवट) समाज सहित पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे उनके प्रयासों से अन्य पंचायतों को भी नई दिशा मिलेगी। ग्राम पंचायत झोला की सरपंच बसंती निषाद को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर ग्रामीणों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## जिला में अवैध मदिरा के खिलाफ सतत कार्रवाई, आरोपी जेल निरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं चौर्यनयन के विरुध्द कार्यवाही करते हुए 26 जनवरी को थाना दल्लीराजहरा क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी अजय दास के पास से कुल 80 नग पाव देशी प्लेन मदिरा, 01 बॉटल व्हिस्की, 02 बॉटल बियर कुल 16.45 लीटर मदिरा जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है।

इसी तरह थाना रनचिरई क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी गोकुल प्रसाद देशलहरे के पास से 45 नग देशी प्लेन, 42 नग पाव मसाला, 08 नग पाव विदेशी मदिरा एवं 06 नग बियर सहित कुल 21 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी योगेश्वर द्विवेदी ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 से 26 जनवरी 2026 तक 1287 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुध्द सतत अभियान चलाकर कुल 748 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। जिसमें कुल 680.25 लीटर अवैध शराब, 950 कि.ग्रा. महुआ लाहन एवं 03 दोपहिया वाहन तथा 02 सायकल जप्त की गई है एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुध्द कुल 61 विभागीय प्रकरण कायम किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम शाक्य, जागेश्वर सिंह दाउ एवं रोशन लाल बंजारे द्वारा की गई।

## छग की रजत जयंती पर बिजली विभाग लगाएगा 'जन-कल्याण' शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन जिलों दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन 30 जनवरी से शुरू होकर 06 फरवरी तक चलेंगे, जिसमें संभागीय और वितरण केंद्र स्तर पर विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और उपभोक्ताओं का सम्मान किया जाएगा। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बिजली विभाग की सेवाओं को जनता तक पहुंचाना है। जिसके अंतर्गत बीपीएल कनेक्शन, कृषक जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना, केन्द्रीकृत विद्युत कॉल सेंटर, मोर बिजली एप और ऑनलाइन उपभोक्ता सेवाओं की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए मौके पर ही रजिस्ट्रेशन और सहायता हेतु ऑन–स्पॉट हेल्प डेस्क उपलब्ध होगा।

डिजिटल जागरूकता अंतर्गत ऊर्जा विकास पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। पीएम सूर्यघर योजना, बीपीएल कनेक्शनधारी, महिला उपभोक्ता, कृषि पंप और जन–मन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्रें का वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिला में 30 जनवरी को वितरण केंद्र बालोद टाउन, पॉलीटेक्निक कॉलेज बालोद, दल्लीराजहरा टाउन, डौंडी लोहारा, गुरूर, 31 जनवरी को वितरण केंद्र दल्लीराजहरा ग्रामीण, पुरुर, सुरेगांव, 02 फरवरी को वितरण केंद्र देवरी, डौंडी, जेवरतला, झलमला, करहीभदर, 03 फरवरी को वितरण केंद्र भरएँटोला, खपरी, पलारी, रेंगाडबरी एवं सेजस स्कूल बालोद में का

र्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह संभागीय स्तर पर 30 जनवरी को संचारण–संधारण संभाग बालोद में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिजली विभाग के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने समस्त नागरिकों और उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे उक्त आयोजनों में भाग लेकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त करें।

## रजोली में दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम रजोली में ग्रामवासियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का विधिवत शुरुआत किया। अपने गृह ग्राम रजोली में आयोजित इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने भगवान श्री राम के आदर्शों और जीवन मूल्यों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण बताया।

■ जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर रहीं मुख्य अतिथि

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम की महिमा अपरंपार है। मानसगान जैसे आयोजनों से न केवल समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्–तिक विरासत और नैतिक मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है। इस दौरान मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजनों और चौपाइयों से पूरा रजौली राममय हो गया। सम्मेलन में विभिन्न मानस मंडलियों ने अपनी कला के माध्यम से रामायण के प्रसंगों का सजीव वर्णन किया। अपने गृहग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। चंद्राकर ने स्थानीय विकास और धार्मिक एकता पर जोर देते हुए सभी को इस सफल आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षिका नमिता श्रीवास, ओमलता मुकेश, सेवानिवृत शिक्षक सूबेदास रात्रे, शिक्षक कृष्ण कुमार सिन्हा, प्रधानपाठक रविशंकर यादव, खिलानंद नेताम, मिलन साहू, अध्यक्ष आयोजक समिति गोपेश चंद्राकर, अभिजीत नेताम, नीलकंठ सारथी, उद्घोषक लक्ष्मीनारायण साहू पीपरछेड़ी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माह में नुक्कड़ नाटक व जागरूकता कार्यक्रम हुआ और कैलेण्डर 2026 का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित कर साप्ताहिक बाजार बालोद में लोगों को जागरूक किया गया। यातायात जागरूकता कैलेण्डर 2026 का पुलिस अधीक्षक बालोद द्वारा विमोचन किया गया।

■ यातायात जागरूकता कैलेंडर 2026 का विमोचन



जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बालोद के साप्ताहिक बाजार में बालोद के रंग के कलाकारों के द्वारा पुलिस विभाग एवं लोक निर्माण विभाग बालोद पूर्णिमा कौशिक कार्यपालन अभियंता बालोद के संयुक्त प्रयास से सड़क सुरक्षा विषय पर नुक्कड नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिकों एवं साप्ताहिक बजार में आएं लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दिया गया एवं यातायात नियमों का पालन करने पाम्पलेट वितरण कर हमेशा हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान राजहरा में लर्निंग लायसेंस कैम्प का आयोजित किया गया। जिसमें राजहरा क्षेत्र के आस–पास व्यक्तियों द्वारा इस कैंप में उपस्थित होकर 74 लोगों ने अपना लर्निंग लायसेंस बनाया, लर्निंग लायसेंस प्राप्त होने पर युवाओं में यातायात सड़क सुरक्षा के प्रति उत्साह एवं जोश देखा गया। लर्निंग लायसेंस बनाने आएं युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हिदायत भी दिया गया।

यातायात जागरूकता कैलेण्डर 2026 का विमोचन पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल द्वारा आयोजित प्रशासनिक भवनों एवं विभिन्न आवासीय भवनों के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में यज्ञदत्त शर्मा, प्रतिभा चौधरी, चेमन देशमुख, प्रीतम साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। इस कैलेण्डर में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों को प्रदर्शित कर लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए बालोद पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## ग्राम बेल्हारी में त्रि-दिनी सद्गुरु कबीर सत्संग का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम बेल्हारी मे त्रि दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू थे। मंच पर अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन लालेश्वर साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू मंचासिन रहे।

■ संत कबीर की वाणी से मिली जीवन दिशा

जिला सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी प्रासंगिक था है और सदा रहेगा। संत कबीर के दोहे की एक एक शब्द समाज को दिशा देती है, प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार के हिमायती संत कबीर साहेब की वाणी को जिसने आत्म सात किया, उनके जीवन का कल्याण होना तय मानिए। संत कबीर साहेब की वाणी सुकून शांति और भाईचारा की राह दिखाती है। साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने में मददगार होती है। सत्संग से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जीवन को दिशा मिलती है जीवन संवरता है।

### संत कबीर की वाणी में राग लपेट नहीं होती

भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि जिसने भी संत कबीर साहेब की वाणी को आत्म सात किया उनको जीवन जीने की दिशा मिल गई। संत साहेब की वाणी में कोई राग लपेट नहीं होती सीधे सीधे भाषा में जनहित की बाते होती है। इस अवसर पर रामसिंह बंसोड, भेनकुमार चंद्राकर, हलधर महामल्ला, इन्द्रकुमार साहू, भावेश, दाऊराम साहू, रामअवतार सेन, प्राण साहू, नरेंद्र साहू, डिलेन्द्र साहू, रामबाई साहू, येमीन साहू, सुनीता साहू, सावित्री साहू, माधुरी साहू, सत्यावती साहू सहित समस्त श्रोतागण का गण उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सभापति लक्ष्मी अशोक साहू ने किया भूमिपूजन

**गुरूर।** जिला पंचायत क्षेत्र 4 के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरतला में जिला पंचायत निधि से लक्ष्मी अशोक साहू ने 3 लाख रुपए की राशी से कर्मा सामुदायिक भवन में आहता निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। जिसके सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन गंगा बालक राम साहू, संयोजक शक्ति केंद्र मोहारा बोधराम हिरवानी, सहसंयोजक नीलकंठ साहू, प्राधिअधिकारी मोहारा केशवराम धनकर, सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला लिलेश्वरी साहू, उप सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला डोमेन्द कुमार साहू, विष्णु राम साहू, अश्वनी सोनबेर, रितु साहू, सरस्वती साहू, परागुन बाईं, देवती बाई, महेश्वर कुमार, द्रोपती साहू, हुसैन कुमार, योगेंद्र कुमार यादव, कुंती बाई, छगनलाल साहू, नेमीन बाईं, भुवनेश्वरी मेश्राम, लोमीन साहू, राघवेंद्र कुमार साहू, धनीराम साहू, गीता साहू, नूतन कुमार, लालेश्वर कुमार, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष धीरपाल अठभैया, नरोत्तम निर्मलकर, अलखू निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर, विजय साहू एवं ग्राम पंचायत जेवरतला के समस्त पंचगन ग्राम विकास समिति के सदस्य गण साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्राम दानीटोला में को मड़ई मेला 1 फरवरी

**गुरूर।** ग्राम दानीटोला में 1 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में जय बैगीनगुड़ी दाई छन्नू मन्नू नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है। जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष विजय सेन द्वारा दी गई।

### मृतक परिवारों को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण जिले के 05 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04–04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में बालोद तहसील के मृतक उमा डड़सेना के पति महेश डड़ेसना ग्राम सोहतरा, मारऍबंगला देवरी तहसील के मृतक श्यामन कुमार के पिता अशोक कुमार ग्राम हथौद, नंदुराम के पत्नी ताराबाई ग्राम पिंगाल, तुमेश्वर के पत्नी दिलेश्वरी ग्राम कठिया एवं गुरूर तहसील के ग्राम कोलिहामार निवासी रामेश्वरी नेताम के पति कृष्णा नेताम को 04–04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### वृद्ध महिला के साथ चेन स्नेचिंग, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रही महिला के साथ चेनस्नेचिंग हो गया। अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि इंद्रा नगर भिलाई तीन निवासी 23 जनवरी को अपने घर से सामान लेने के लिए दुकान गई थी।

## सफलता : दल्ली राजहरा की बेटी नंदिनी बेहरा ने रचा इतिहास

# भारत कवि रत्न अवार्ड से नंदिनी बेहरा सम्मानित, देशभर में बढ़ाया नगर का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह अयस्क नगरी दल्ली राजहरा के लिए यह गर्व और गौरव का क्षण है। नगर की होनहार बेटी नंदिनी बेहरा को ब्लू स्टार पब्लिकेशन कंपनी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक प्रतियोगिता में "भारत कवि रत्न अवार्ड 2025" से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के साथ उन्होंने गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से दल्ली राजहरा सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

**शैक्षणिक यात्रा भी उतनी ही प्रेरणादायक :** नंदिनी बेहरा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई इस्पात स्कूल, दल्ली राजहरा से पूर्ण की। इसके पश्चात उन्होंने आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, रायपुर से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। वर्तमान में वे बी.एड. भारतीय विश्वविद्यालय, दुर्ग से तथा एम.ए. (हिंदी साहित्य) सीबी रमन विश्वविद्यालय से कर रही हैं। शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनकी निरंतर साधना उन्हें एक सशक्त पहचान दिला रही है।



### देशभर के 8000 प्रतिभागियों को पछाड़कर हासिल किया पहला स्थान

नंदिनी बेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लू स्टार पब्लिकेशन कंपनी, नई दिल्ली द्वारा "भारत कवि रत्न अवार्ड 2025" के लिए 25 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन कविता आमंत्रित की गई थी, जिसमें देशभर से 8000 से अधिक कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं भेजीं। प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में 218 प्रतिभागियों का चयन हुआ, वहीं तृतीय एवं अंतिम चरण के लिए 60 प्रतिभागियों को फाइनल सूची में शामिल किया गया। अंतिम चरण में सभी चयनित प्रतिभागियों की ऑनलाइन काव्य प्रस्तुति के पश्चात निर्णायक मंडल ने नंदिनी बेहरा को गोल्ड मेडल प्रदान करते हुए प्रथम स्थान का विजेता घोषित किया।

### परिवार से मिला संस्कार और प्रेरणा

नंदिनी बेहरा, दल्ली राजहरा के वरिष्ठ कामरेड राजेंद्र बेहरा की सुपुत्री हैं। उनकी माता अनुपमा बेहरा एक गृहिणी हैं। पिता राजेंद्र बेहरा, भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी हैं तथा दल्ली माइंस में जूनियर इंजीनियर के पद पर डीएनडी विभाग में कार्यरत हैं। परिवार से मिले संस्कार, अनुशासन और साहित्यिक रुचि ने नंदिनी को इस मुकाम तक पहुँचाया है।नंदिनी बेहरा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर आर.बी. गहरवार (मुख्य महाप्रबंधक, राजहरा खदान समूह), गिरीश मड़रिया (महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग),गौतम बेहरा, अनिल यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, साहित्यप्रेमियों एवं नगरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

**दल्ली राजहरा का नाम किया रोशन:** नंदिनी बेहरा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे दल्ली राजहरा नगर के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण से किसी भी मंच पर देश का नाम रोशन किया जा सकता है।

## जोरातरई आर में मड़ई मेलाः अनुरागधारा कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने बांधा समां



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम जोरातरई आर में मानस गान प्रतियोगिता समापन हुआ उसके उपरांत ग्राम में आयोजित मंडाई मेला के अवसर पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली।

इस मौके पर आयोजित रात्रिकालीन कार्यक्रम अनुरागधारा में लोक गायिका कविता वासनिक ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, भाजपा युवा नेता डॉ लक्ष्मीकांत साहू, सरपंच बृज लाल साहू, सत्यप्रकाश साहू, डॉ तेजराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गजाधर साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर छ.ग. की लोक गायिका कविता वासनिक को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया, इस संगीत मय संध्या में लोक गायिका हिमानी वासनिक, लीना मानिकपुरी और लोक गायक प्रभु सिन्हा ने भी अपनी कला प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि थानसिंह मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परिवेश में मंडई मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की परम्परा में गौरा पूजा, मंडई पूजा, प्राकृतिक पूजा करते हैं, छत्तीसगढ़ में ददरिया, कर्मा, सुवा नृत्य, लोक नृत्य, संगीत और खेलो का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोगों का स्वास्थ मनोरंजन होता है। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक अभिषेक चन्द्राकर ने किया, साथ ही कार्यक्रम में पुरुषोत्तम साहू, यशपाल साहू, गजानंद साहू, हेमन्त चंद्राकर, रामकुमार पाटिल, राकेश चंद्राकर, राजेश साहू, कमलेश कन्नौजे सहित ग्रामवासीयों का योगदान रहा।

■ लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

## भटगांव में साप्ताहिक सब्जी बाजार का भव्य शुभारंभ

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत भटगांव में सप्ताहिक सब्जी बाजार बिठाने का शुभारंभ किया गया।

यहां ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास समिति के संयुक्त निर्णय पश्चात इस ग्राम में भी अन्य गांवों की तरह सब्जी बाजार स्थापित कर नियमित सप्ताहिक बाजार की शुरुआत बुधवार को सरपंच भारती साहू एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में बाजार स्थल पर पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान उपस्थित सब्जी पसरा लगाये विक्रेताओं को प्रसाद व मिठाई वितरण किया गया। सरपंच भारती साहू ने कहा कि गांव में सब्जी बाजार की शुरुआत होने से ग्रामवासीयों को बहुत सुविधाएं होंगी, ग्रामीणों को हरी सब्जियां एवं अन्य सामग्री खरीदने के लिए अन्य गांव व दूरदराज जाने की जरूरत नहीं होगी।

साथ ही यहां की महिलाओं को भी बाजार जाकर सब्जी खरीदने व अपने जरुरत के चीजें लेने का मौका मिलेगी। गांव में सब्जी बाजार की शुरुआत होने से लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सरपंच भारती साहू, चन्द्रभान, धनसिंग कोसरिया, दयालू राम, कौशिल्या चतुर्वेदी, अमरबत्ती संहित ग्रामीण उपस्थित थे।





## गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**अंडा।** 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चिंगरी ग्रामीण कोटवार नारद दास मानिकपुरी को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, माननीय संघ राज्य मंत्री तोखन साहू एवं विधायक ललित चंद्राकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके समर्पण और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। समारोह में गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सैनिक ग्राम धानापुरी में विद्यार्थियों व खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सैनिक ग्राम धानापुरी में बच्चो में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा स्थापित करने एवं उन्हे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत के सरपंच खोमन सिन्हा के परिजन द्वारा प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।



सरपंच खोमन सिन्हा द्वारा की गई घोषणा के अनुसार के कोई भी विद्यार्थी 10 वीं में प्रथम स्थान आने वाले को 11000 रु एवं 12 वी में प्रथम आने वाले 15000 रु प्रदान किया जाएगा। उसी प्रकार ग्राम का अगर कोई विधाथऍ धानापुरी स्कूल से 10जी और 12जी में बालोद जिला में टॉप करते है तो 21000 प्रदान किया जाएगा। अगर पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप 10 में आते है तो उन्हे 51000 रु प्रदान किया जाएगा। सरपंच खोमन सिन्हा के परिजनो ने पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी सफलता पाने वाले छात्र छात्रओ को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। खेल कूद में कोई विद्यार्थी स्कूली गेम्स में राष्ट्रीय स्तर में स्वर्ण पदक प्राप्त करते है तो उनको 21000 रु , रजत पदक पाने वाले को 15000 रु, कांस्य पदक पाने वाले को 11000 रु रूपये प्रदान किया जाएगा। समस्त ईनामो के देने की घोशणा सरपंच खोमन सिन्हा ने ग्राम में की है। ये पूरी इनामी राशि ग्राम पंचायत धानापुरी के सरपंच खोमन लाल सिन्हा के दोनों पुत्र एमएस म्यूजिक के सेमेश सिन्हा और बड़े भाई मानेश सिन्हा के द्वारा एमएस म्यूजिक के तरफ से दिया जाएगा। गौरतलब है कि एमएस म्यूजिक चैनल मे झूम लेबो बस्तरीहा गाना, बस्तरहीन बाला, मोर फलानिन, बेनी मां गाथ ले, बैला के घंघार, ही मड़वा मां जैसे गीत को निर्माण हुआ है, ये पूरा संचालित इसी सैनिक ग्राम धानापुरी से होता है।



■ खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को भी प्रोत्साहन

## ग्राम रजही में मानसगान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, भक्तिरस में डूबा वनांचल क्षेत्र

**कुसुमकसा।** डौंडी ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम रजही में मानसगान प्रतियोगिता का भक्तिमय वातावरण में भव्य आयोजन किया गया। मानसगान प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र चंद्राकर पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य, गौतम राणा सरपंच रजही, कमलकांत साहू, पुष्पजीत बैस,देवल सिंह पटेल, संतोष जैन शामिल हुए।भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। समारोह को संबोधित करते हुए पुष्पेंद्र चंद्राकर भावुक नजर आए। उन्होंने ग्रामीणों के साथ अपनी पुरानी यादें साझा करते हुए कहा, इस वनांचल क्षेत्र की माटी से मेरा गहरा नाता है। मेरा बचपन इसी क्षेत्र के गांव गलियों में बीता है। आज यहां आकर मुझे जो आत्मीयता और अपनापन मिल रहा है, वह अनमोल है। ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपने परिवार के बीच वापस लौट आया हूं। धार्मिक आयोजन के मंच से उन्होंने प्रभु श्री राम की महिमा का बखान किया।

इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बखान किया। विशेष रूप से विकसित भारत के संकल्प और राम राज्य की संकल्पना को जोड़ते हुए कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। भगवान श्री राम का जीवन अंत्योदय और सुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रामराज्य में हर नागरिक सुखी था, उसी संकल्पना को साकार करने के लिए वीबी जी राम जी योजना को धरातल पर उतारा गया है। यह योजना मात्र एक सरकारी पहल पर सेवा का एक अनुष्ठान है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज भौतिक विकास के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जा रहा है। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी भावी पीढ़ी को संस्कारों और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों की सीख मिलती है। इस दौरान कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मानस समिति के सदस्यों और भारी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता और धार्मिक चेतना का विस्तार होता है।

## अधिकारी-कर्मचारियों को भण्डार क्रय नियम एवं जेम पोर्टल का ऑनलाईन प्रशिक्षण मिला




**बालोद।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में बालोद जिले के अधिकारी–कर्मचारियों को राज्य कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम, 2002 एवं जेम पोर्टल से सामाग्रियों के क्रय के संबंध में ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान अधिकारी–कर्मचारियों को भण्डार क्रय नियम, 2002 एवं जेम पोर्टल से सामाग्रियों के क्रय किये जाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही जेम पोर्टल से क्रय किए जाने के संबंध में आ रही समस्यों के निराकरण की भी जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं लेखा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## चौरेल में 30 जनवरी से माघी पुन्नी मेला महोत्सव, तीन दिन श्रद्धा-संस्कृति की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

तहसील अर्जुन्दा अंतर्गत ग्राम चौरेल स्थित न्यास श्री गौरेया सिद्ध शक्तिपीठ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माघी पुन्नी मेला महोत्सव का भव्य आयोजन किया है। यह तीन दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक मेला 30 जनवरी से 01 फरवरी तक श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न होगा।

भगवान शिवशंकर की असीम कृपा से लगभग 1100 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक तीर्थ एवं पर्यटन स्थल श्री गौरेया धाम, चौरेल में आयोजित इस महोत्सव के दौरान श्रद्धालु तांदुला नदी के पवित्र संगम में स्नान कर दर्शन-पूजन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे समिति के अध्यक्ष नितीश मोंटी यादव ने बताया मेला महोत्सव के अंतर्गत 30 एवं 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक प्रसिद्ध संत श्री टीकम शरण महाराज जी (शिरकट्टी धाम हरदी, जिला गरियाबंद) द्वारा हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव चुरामन चंद्राकर ने बताया 31 जनवरी शनिवार की रात्रि 10 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें महातारी के कोरा, लोक कला मंच देसरगांव एवं साजा–बेमेतरा के कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे वहीं 01 फरवरी 2026, रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुप्रसिद्ध जय सरस्वती पंडवानी पार्टी, मोहंदी (खुर्सीपार) द्वारा पंडवानी की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। इसी दिन रूद्राभिषेक, शाही स्नान एवं विशाल मेला मंडई का आयोजन भी होगा।

माघी पुन्नी मेला महोत्सव में हवाई झूला, ड्रैगन, ब्रेक डांस, छोटे-छोटे ट्रेन, मीना बाजार सहित विभिन्न मनोरंजन साधन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह आयोजन न्यास श्री गौरेया सिद्ध शक्तिपीठ एवं समस्त ग्रामवासी चौरेल के तत्वावधान में संपन्न होगा, कार्यक्रम को संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर का सौजन्य प्राप्त है। मेला महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।



## ग्राम पंचायत चारभांठा में उल्लास कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को साक्षर बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार सभी गांव के हर व्यक्ति साक्षर हो इस माध्यम से उल्लास कार्यक्रम हर गांव मे मनाया जा रहा है। जिसमे प्रधान पाठक को यह जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें गांव के ही समाजसेवीयो का चयन किया गया और गांव के साक्षर व्यक्ति को अपनी अमूल्य समय देकर उसे पढ़ाया और परीक्षा में बैठाकर उसे साक्षर बनाकर सभी साक्षर लोगो को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत चारभांठा मे राज बाई, बुधनतीन बाई यादव, तेज बाई यादव, मिलनतीन बाई साहू, जोध कुंवर, तारा बाई, भगवती हेमिन बाई व गांव के अन्य साक्षर लोगो को पुर्व सरपंच नीता साहू, योगेश साहू प्रधान पाठक एवं शिवा कुमार साहू द्वारा साक्षर किया गया।

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411